# शैक्षिक सामग्री वितरित की

**उदयपुर, (कासं)।** कृपा फाउंडेशन, उदयपुर द्वारा संस्थापक मन मोहन सिंह के पिताजी की पुण्यतिथि पर अनाथ आश्रम में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को खाने की वस्तुएँ व शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। मनमोहन सिंह ने कहा कि माता-पिता के संस्कार हमें समाजसेवा की प्रेरणा देते हैं। उनकी पुण्यतिथि को हम बच्चों की मुस्कान और आशीर्वाद के रूप में यादगार बनाना चाहते हैं। ट्रस्टी गगनदीप कौर एवं हरलीन कौर ने बताया कि कृपा फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# उदयपुर शहर में पिम्स सिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** सोमवार को पेसेफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) उमरडा का उदयपुर शहर में पिम्स सिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पहले दिन ही बडी संख्या में मरीज सिटी हॉस्पिटल पहुंचे। सोमवार को सुबह हुए कार्यक्रम में लीलादेवी अग्रवाल ने फीता काटकर इस पिम्स सिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहां कि मरीजों की सेवा करना सेवा का बडा अवसर है और इसमें हमे हर समय तैयार रहना चाहिए।

समारोह में पिम्स के चेयरमैन आशीष अग्रवाल, चेयरपर्सन शीतल अग्रवाल और मेनेजिंग डायरेक्टर नमन अग्रवाल भी मौजूद रहे और उन्होंने सिटी सेंटर का राउंड किया और यहां मरीजों से बातचीत की।

डा. कमलेश शेखावत ने कहा कि पहले दिन शुरू किए गए ओपीडी में सिटी हॉस्पिटल पर मरीजों को देखा । यहां पर सीटी स्कैन, एक्सरे, खून की जांच भी की गई। साथ ही फॉर्मेसी सेवाएं भी आज ही शुरू कर दी गई। आशीष अग्रवाल ने कहा कि ये 100 बेड का अस्पताल है और 30 बेड आईसीयू के तैयार किए है जो सभी आधुनिक उपकरणों से लैस है। पिम्स सिटी हॉस्पिटल पर जनरल सुविधाओं में जनरल फिजिशियन, टीबी, चेस्ट, श्वांस रोग, मनोरोग, नेत्र, प्रसूति एंव स्त्री रोग, दंत चिकित्सा, पेन मैनेजमेंट क्लिनिक, जनरल एवं लेपोस्कोर्पिक सर्जरी, हड्डी एवं जोड रोग, नाक-कान-गला, त्वचा एवं चर्म रोग और बाल चिकित्सा की स्पेशलिटी सुविधा मिलेगी। सिटी हॉस्पिटल पर 24 घंटे ट्रोमा इमरजेंसी भी काम करेगी। कार्डियोलोजिस्ट डॉ. महेश जैन, न्यूरोसर्जन डॉ. अंकित पटेरिया, यूरोलोजिस्ट डॉ. मनीष भटट, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवींद्र पल्लपोटू, प्लास्टिक सर्जन डॉ. एमपी अग्रवाल, गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. साहिल परमार, आथोर्पेडिक सर्जन डॉ. बीएल कुमार, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जय सेश, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल खत्री, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विक्रम राठौड और टीबी एंड चेष्ट विशेषज्ञ डॉ. सान्निध्य टांक यहां सेवाएं दे रहे है। पिम्स सिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ पर ऑफर भी दिया जा रहा है। 31 अक्टूबर तक ओपीडी में निशुल्क देखा जाएगा। इसके अलावा ब्लड टेस्ट में 50 प्रतिशत छूट, सर्जरी में 25 प्रतिशत और कीमोथैरेपी में 20 प्रतिशत छूट दी जा रही है।



**पिम्स सिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ लीलादेवी अग्रवाल ने फीता काटकर किया।**

- **मरीजों के लिए 31 अक्टूबर तक ऑफर, 24 घंटे ट्रोमा इमरजेंसी भी चलेगी**

## कार्यभार संभाला

**उदयपुर, (कासं)।** खनन एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान में नेतृत्व स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने 26 सितम्बर 2025 को आदेश जारी कर एम.पी. मीणा को विभाग का निदेशक नियुक्त किया। आदेश के बाद शनिवार को उन्होंने औपचारिक रूप से निदेशक पद का कार्यभार संभाल लिया। मीणा इससे पूर्व विभाग में अतिरिक्त निदेशक, जयपुर के पद पर कार्यरत थे।

# विद्यापीठ में डांडिया महोत्सव शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विधि महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं की ओर से आयोजित डांडिया महोत्सव का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्रचार्य डॉ. कला मुणेत, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. सरोज गर्ग, प्रो. आईजे माथुर ने माताजी की पूजा-अर्चना कर किया।

समारोह में विद्यार्थियों के साथ संकाय सदस्यो ने भी पारम्परिक परिधान में गुजराती, राजस्थानी गीतों पर जमकर गरबा व डांडिया किया। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रो. सारंगदेवोत ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर कहा कि नवरात्र के नौ दिन शक्ति अर्जित करने के दिन हैं। भारतीय, संस्कृति, परम्परा विश्व मे अद्भूत है, युवाओं का आव्हान किया कि वे भारतीय संस्कृति को आने वाली पीढ़ी के संरक्षित रखें। आज पूरा विश्व भारतीय संस्कृति का कायल है। हर त्यौहार को उत्सव के रूप में मनाएं लेकिन ध्यान रहे कि किसी की भावना आहत न हो। यह एक जीवंत और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण त्यौहार है। गरबा और डांडिया जैसे पारंपरिक नृत्य रूपों और देवी के विभिन्न रूपों की उत्कट पूजा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

# स्वच्छ बनेगा राजस्थान तब ही सुदृढ़ व विकसित होगा राजस्थान : गुप्ता

- **भाजपा स्वच्छ भारत मिशन संगठन में दो जिलों में पदाधिकारी मनोनीत किए**

**उदयपुर, (कासं)।** स्वच्छ भारत मिशन संगठन प्रदेश भाजपा राजस्थान के संयोजक के.के. गुप्ता द्वारा दो जिले बालोतरा और प्रतापगढ में विभिन्न पदाधिकारी मनोनीत किए हैं। गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ बनेगा राजस्थान तब ही सुदृढ एवं विकसित हमारा प्रदेश राजस्थान बनेगा।

हम सभी को मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वच्छ भारत और स्वच्छ राजस्थान सहित विकसित और विश्व गुरु भारत तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करना है। सरकार की अनेक प्रकार की लोक कल्याणकारी योजना और अभियानों की भांति स्वच्छ भारत मिशन भी एक प्रमुख तथा आमजन के साथ सीधे जुडा हुआ एक परिवर्तनकारी अभियान है। गुप्ता के स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय उदयपुर द्वारा जारी आदेश अनुसार बालोतरा जिले में खेताराम प्रजापत संयोजक और पुरुषोत्तम जैन तथा मितेश यति सह संयोजक बनाए गए हैं, साथ ही प्रतापगढ जिले में प्रहलाद गुर्जर संयोजक और भरत राणा सहसंयोजक बनाए गए हैं। गुप्ता द्वारा उक्त सभी पदाधिकारी के मनोनयन के संबंध में दोनों जिलों के पार्टी जिला अध्यक्ष को भी अवगत कराया है।

## जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र मानसरोवर कॉलोनी बीजेपी कार्यालय के पीछे सुरों का फला निवासी किरणकुमार त्रिवेदी पुत्र शशि कुमार के सूने मकान का 25 सितंबर रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ सोने चांदी के जेवरात व 35 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। किरण सवेरे अपने गांव गए थे एवं रात में लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।

## DIRECTORATE OF RESEARCH

**Maharana Pratap University of Agriculture & Technology, Udaipur**

No. MPUAT/DR/2025/2822 Dated: 27/09/2025

**ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT**

A walk-in-Interview to engage contractual SRF/YP-I/ in the Research Projects as per the advertisement given on University website http://mpuat.ac.in will be held at DOR, Udaipur on 09.10.2025 at 11:00 AM. The engagement shall be purely on contractual basis and can be terminated at any time without any notice.

Sd/-
Director Research

## कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F. 12 ( )PLAN/LANDUSE/2024-25/1549 Date 29.09.2025

**आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों / परिपत्रों / अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री निलेश जैन पिता श्री अजित कुमार जैन | भुवाणा | 425/1 | 01 | 17865.00 वर्गफीट | भुवाणा चौराहे से मेवाड़ हॉस्पीटल को जाने वाली 100 फीट सड़क पर अव्या मार्बल के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**

## कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/3266 **आम सूचना** दिनांकः– 27/9/2025

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | राजस्व ग्राम आयड | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम/दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1-A (MUT No. 5330) | 930 वर्गफीट | खसरा नं. 1642 से 1646 | श्री राकेश वैष्णव पिता स्व. श्री राधेश्याम वैष्णव, निवासी–1–ए, रोशन विहार, केरेला भवन के सामने, 100 फीट रोड, शोभागपुरा, खारा कुआं, उदयपुर | श्री राधेश्याम वैष्णव पिता श्री मूलदास वैष्णव का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 11.06.2022 एवं पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 07.06.2018 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण–पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

**(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)**

## कार्यालय नगर परिषद् सलूम्बर, जिला सलूम्बर ( राज. )

क्रमांक:-/न.पा.स./तामीर/ 2025-26/1501 दिनांक : 26/09 /2025

**-:उजरदारी सूचना:-**

( राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 के तहत )

सर्व साधारण एवं आम-खास को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदको द्वारा आवासीय भुखण्ड पर ऑनलाईन तामीर स्वीकृति चाही गई है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | नाम आवेदनकर्ता | भुखण्ड के पडौस |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मुबारिका पत्नी श्री बुरहानुद्दीन जी बोहरा भूखण्ड का स्थान:-बांसवाड़ा रोड़ | पूर्व-श्री अब्बास अली सलूम्बर का भूखण्ड पश्चिम-श्री मुनव्वर हुसैन, जेनुद्दीन बोहरा का भूखण्ड। उत्तर-कृषि भूमि। दक्षिण-रास्ता डाल ग्राम |

अत: उक्त व्यक्तियों के नाम आवेदन अनुसार नगर परिषद् द्वारा ऑनलाईन तामीर स्वीकृती की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई भी आपत्ति/उजरदारी हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्रकार की उजरदारी/आपत्ती मान्य नहीं होगी।

**आयुक्त**
**नगरपरिषद् सलूम्बर**

## कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द ( राज. )

क्रमांक/न.पा.ना./69 क/ 2025/12324 दिनांक : 29/09 /2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो तीनदिवस ( कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप | पडौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री श्यामसुन्दर भाटिया/ श्री रामकिशन भाटिया | झरना दरवाजा, सुन्दर विलास के पास, नाथद्वारा भूखण्ड क्षैत्रफल 1537.25 वर्ग फीट | गली 4 फीट चौडी | रोड | होटल श्रीजी दर्शन | गली 4 फीट चौड़ी एवं बावड़ी |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

## राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

(A State Govt.enterprise constituted under RHB Act 1970)
"salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur-313002
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप. आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/612 दिनांक :-29.09.2025
Registered

**-: जाहिर आम सूचना ( मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण ):-**

आवास संख्या 4-क-22 माप 59.06 वर्ग मीटर योजना हिरण मगरी सेक्टर-4 आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्री परसराम माटेजा पुत्र श्री किमतराम को आवंटन पत्रांक 2843 दिनांक 02.07.1983 को आवास का आवंटन कर कब्जा दिया गया था। इस आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 27.03.1999 को श्री परसराम माटेजा पुत्र श्री किमतराम द्वारा अपने पक्ष करवाया गया।

श्री परसराम माटेजा पुत्र श्री किमतराम की मृत्यु दिनांक 19.07.2010 को हो जोने के पश्चात उनकी पुत्री श्रीमती कोमल माटेजा (कोमल वैष्णव) पत्नी श्री नवीन वैष्णव (पुत्री स्व.श्री परसराम माटेजा) ने कानुनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नाम हस्तान्तरण पूर्ण रूप से अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया है। श्रीमती गीता माटेजा पत्नी स्व.श्री परसराम माटेजा एवं श्रीमती चन्दा माटेजा पत्नी श्री सन्तोष परिहार ने हक त्याग-पत्र (रिलीज डीड) (पंजीकृत) द्वारा अपने अधिकारी का त्याग दिनांक 22.07.2025 द्वारा श्रीमती कोमल माटेजा (कोमल वैष्णव) पत्नी श्री नवीन वैष्णव (पुत्री स्व.श्री परसराम माटेजा) के पक्ष में किया गया है।

श्रीमती कोमल माटेजा (कोमल वैष्णव) पत्नी श्री नवीन वैष्णव (पुत्री स्व.श्री परसराम माटेजा) ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र हक त्याग-पत्र (रिलीज डीड) (पंजीकृत) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को पूर्ण रूप से उनके नाम कर नाम प्रतिस्थापन्न कर दिया जायें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 4-क-22, हिरण मगरी सेक्टर-4 योजना, उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्रीमती कोमल माटेजा (कोमल वैष्णव) पत्नी श्री नवीन वैष्णाव (पुत्री स्व.श्री परसराम माटेजा) के पक्ष में हक त्याग-पत्र (रिलीज डीड) (पंजीकृत) के आधार पर नाम हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

**उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर**

## कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )

क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2025-26/ दिनांक :

**-: लोक सूचना:-**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

| क्र. सं. | नाम आवेदन / खातेदार | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रहलादराय पिता श्री मदनलाल एवं शरद कुमार पिता श्री मदन लाल, निवासी-कपासन | तह.कपासन जिला चित्तौड़गढ़ | बुद्धाखेड़ा | आराजी नं. 29 रकबा 0.04 हैक्टेयर | आराजी नं.29 रकबा 0.04 हैक्टेयर वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 2. | श्री देवेन्द्र सोमानी पिता श्री गोवर्धन लाल, निवासी-कपासन | तह.कपासन जिला चित्तौड़गढ़ | कपासन | आराजी नं. 7516/5956 रकबा 0.13 हैक्टेयर | आराजी नं. 7516/5956 रकबा 0.13 हैक्टेयर वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है औरतदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29/09/2025 को जारी की गई।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**( अधिशाषी अधिकारी )**
**नगर पालिका, कपासन**


